ओ. एस.डी.ए.वी स्कूल, कैथल

नवंबर परीक्षा PT-3 (2024)

कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी.

**SET :A**

समय: 1 घंटा 20 मिनट

**M.M:30**

- सामान्य निर्देश:-
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| प्रश्न | खंड क (व्याकरण) | अंक |
|---|---|---|
| 1 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>क. बालगोबिन भगत को बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानी वाली थी।<br>(वाक्य पहचान कर लिखिए)<br>ख. हालदर साहब का प्रश्न सुना और आंखों ही आंखों में हंसा।<br>(सरल वाक्य में बदलिए) | 1×2 |
| 2 | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>क. तानसेन के द्वारा बंदिश रची गई।<br>(वाच्य पहचानकर लिखिए)<br>ख. मां ने दोपहर के गुस्से वाली बात बताई। ( कर्मवाच्य में बदलिए) | 1×2 |
| 3 | निम्नलिखित रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए–<br>क. मन्नू भंडारी ने फिल्म एवं टेलीविजन धारावाहिकों के लिए पटकथाएं भी लिखी हैं। | 1×2 |
| 4 | अलंकार पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>क. कोटि कुलिस सम वचनु तुम्हारा।<br>ख. प्रीति– नदी में पांऊ न बोरयो । | 1×2 |
| | खंड ग (पाठ्य पुस्तक) | |
| 5 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:-<br>कभी कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ<br>यह बताने के लिए कि वह अकेला नहीं है<br>और यह कि फिर से गाया जा सकता है<br>गाया जा चुका राग<br>और उसकी आवाज़ में जो<br>एक हिचक साफ़ सुनाई देती है<br>या अपने स्वर को ऊँचा न उठाने की जो कोशिश है<br>उसे विफलता नहीं<br>उसकी मनुष्यता समझा जाना चाहिए।<br>**1.** संगतकार यह बताने के लिए संगतकार का साथ देता है-<br>(क) कि वह अकेला नहीं है। (ख) कि वह एक प्रतिष्ठित गायक है<br>(ग) कि वह अकेला नहीं गा सकता। (घ) कि मिलकर गाना अच्छा है।<br>**2.** संगतकार की आवाज़ में क्या सुनाई देती है-<br>(क) एक गूँज। (ख) एक पीड़ा। (ग) एक हिचक। (घ) एक खुशी।<br>**3.** संगतकार द्वारा अपनी आवाज़ को ऊँचा न उठाने की कोशिश है -<br>(क) उसकी सफलता। (ख) उसकी विफलता।<br>(ग) उसकी मनुष्यता (घ) उसकी योग्यता।<br>**4.** कविता में मनुष्यता का अभिप्राय है-<br>(क) दूसरों को पीछे छोड़कर आगे निकल जाना।<br>(ख) स्वयं पीछे रहकर दूसरों को आगे बढ़ाना<br>(ग) बढ़-चढ़कर अपनी योग्यता दिखाना<br>(घ) दूसरों की योग्यता से ईर्ष्या करना। | 1×4 |
| 6 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:- | 1×4 |

| | | |
|---|---|---|
| | सभ्यता है संस्कृति का परिणाम। हमारे खाने-पीने के तरीके, हमारे ओढ़ने पहनने के तरीके, हमारे गमना-गमन के साधन, हमारे परस्पर कट मरने के तरीके,सब हमारी सभ्यता हैं। मानव की जो योग्यता उससे आत्म-विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति? और जिन साधनों के बल पर वह दिन-रात आत्म-विनाश में जुटा हुआ है, उन्हें हम उसकी सभ्यता समझें या असभ्यता? संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति होकर ही रहेगी और ऐसी संस्कृति का अवश्यंभावी परिणाम असभ्यता के अतिरिक्त दूसरा क्या होगा?<br>**(i)** संस्कृति का परिणाम कहलाती है-<br>(क) असंस्कृति। (ख) सभ्यता। (ग) असभ्यता। (घ) अपसंस्कृति<br>**ii)** आत्मविनाश कराने वाले साधन कहलाते हैं—<br>(क) असभ्यता। (ख) सभ्यता। (ग) असंस्कृति। (घ) संस्कृति<br>**(iii)** संस्कृति कब असंस्कृति बन जाती है?<br>(क) जब वह नए-नए आविष्कार करती है। (ख) जब वह विनाश करती है।<br>(ग) जब उसका संबंध कल्याण की भावना से टूट जाता है। (घ) जब वह निर्माण करती है।<br>**(iv)** प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?<br>(क) सभ्यता । (ख) मानव संस्कृति । (ग) संस्कृति। (घ) सभ्यता और संस्कृति | |
| **7** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25- 30** शब्दों में लिखिए–<br>**1** बिस्मिल्ला खाँ को काशी में हो रहे कौन-कौन से परिवर्तन व्यथीत करते है?<br>**2** 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है?<br>**3** 'अट नहीं रही' कविता में कवि ने प्रकृति की व्यापकता का वर्णन किन रूपों में किया है?<br>**4** बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?<br>**5** वर्तमान जीवन शैली धरती के गुण-धर्म को किस तरह प्रभावित कर रही है? 'फसल' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए? | **2×5** |
| **8** | आप शुभम /शोभा हैं। नव वर्ष के अवसर पर आप अपने मित्र के लिए **60** शब्दों में शुभकामना संदेश लिखिए। | **4** |

ओ. एस.डी.ए.वी स्कूल, कैथल
नवंबर परीक्षा PT-3 (2024)
कक्षा : दसवीं
विषय : हिंदी.

SET :B

समय:1 घंटे 20 मिनट

MM:30

- सामान्य निर्देश:-
- सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
- निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| प्रश्न | खंड क (व्याकरण) | अंक |
|---|---|---|
| 1 | निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>क. काशी आज भी संगीत के स्वर और थापों पर सोती- जागती है।<br>(संयुक्त वाक्य में बदलिए)<br>ख. यह तो डॉक्टर साहब का स्नेह था जो उनके मुंह से प्रशंसा बनकर बह रहा था।<br>(वाक्य पहचान कर लिखिए) | 1×2 |
| 2 | निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–<br>क. नगरपालिका द्वारा सुभाष चंद्र बोस की एक प्रतिमा लगवाई गई।<br>(कर्तृवाच्य वाक्य में बदलिए)<br>ख. बालगोबिन भगत ने खंजड़ी बजाई।(वाच्य पहचान कर लिखिए) | 1×2 |
| 3 | निम्नलिखित रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए–<br>क. <u>अमीरुद्दीन</u> अभी <u>छह</u> साल का है। | 1×2 |
| 4 | अलंकार पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-<br>क. सहस्रबाहु सम सो रिपु मोरा।<br>ख. हरसाया ताल लाया पानी परात भर के। | 1×2 |
| | खंड ग (पाठ्य पुस्तक) | |
| 5 | निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए-<br>मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती<br>यह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी<br>वह मुख्य गायक का छोटा भाई है<br>या उसका शिष्य<br>या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार<br>मुख्य गायक की गरज़ में<br>वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीनकाल से<br>**1.** मुख्य गायक का स्वर कैसा होता है-<br>(क) कोयल-सा मीठा। (ख) रुई जैसा मुलायम<br>(ग) चट्टान जैसा भारी। (घ) तीर जैसा पैना।<br>**2.** मुख्य गायक के स्वर का साथ देती आवाज़ किसकी है-<br>(क) संगतकार की (ख)उसके गुरु की<br>(ग)उसकी बहन की। (घ) उसके नौकर की<br>**3.** संगतकार किसकी गरज में अपनी गूँज मिलाता आया है-<br>(क) अपने भाई की। (ख) अपने पिता की<br>(ग) मुख्य गायक की। (घ) अपने सेवक की।<br>**4.** संगतकार की आवाज़ की विशेषता है-<br>(क) सुंदर। (ख) कमज़ोर<br>(ग) काँपती। (घ) ये सभी। | 1×4 |
| 6 | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-<br>जिस योग्यता, प्रवृत्ति अथवा प्रेरणा के बल पर आग का व सुई-धागे का आविष्कार हुआ, वह है व्यक्ति विशेष की संस्कृति; और उस संस्कृति द्वारा जो आविष्कार हआ, जो चीज़ उसने | 1×4 |

| | | |
|---|---|---|
| | अपने तथा दूसरों के लिए आविष्कृत की, उसका नाम है- सभ्यता। जिस व्यक्ति में पहली चीज, जितनी अधिक व जैसी परिष्कृत मात्रा में होगी, वह व्यक्ति उतना ही अधिक व वैसा ही परिष्कृत आविष्कर्ता होगा।<br>**(i)** संस्कृति कहलाती है-<br>(क) किसी नए तथ्यों को खोजने की योग्यता<br>(ख) नए तथ्यों को खोजने की प्रवृत्ति<br>(ग) नए तथ्यों को खजने की प्रेरणा<br>(घ) उपर्युक्त सभी<br>**(ii)** संस्कृति द्वारा किया गया आविष्कार कहलाता है-<br>(क) सभ्यता (ख) खोज<br>(ग) परिष्कार। (घ) निर्माण<br>**iii)** लेखक ने सभ्यता और संस्कृति के स्पष्टीकरण के लिए कौन-से उदाहरण दिए हैं?<br>(क) आग के आविष्कार का<br>(ख) बरतन के आविष्कार का<br>(ग) सुई-धागे के आविष्कार का<br>(घ) (क) और (ग) दोनों<br>**(iv )** उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर कहा जा सकता है कि सभ्यता है-<br>(क) जब आविष्कर्ता ने चीजें अपने लिए आविष्कृत की हों।<br>ख) जब आविष्कर्ता ने चीजें दूसरों के लिए आविष्कृत की हों।<br>(ग) जब आविष्कर्ता ने चीजें किसी के लिए भी आविष्कृत नहीं की हों।<br>(घ) (क) और (ख) दोनों | |
| **7** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25- 30** शब्दों में लिखिए–<br>**1** बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा गया है ?<br>**2** 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है?<br>**3** 'अट नहीं रही 'कविता में कवि ने प्रकृति की व्यापकता का वर्णन किन रूपों में किया है?<br>**4** बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?<br>**5** फसल को हाथों के स्पर्श की गरिमा और महिमा कहकर कवि क्या कहना चाहता है? | |
| **8** | अपने मित्र को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए **60** शब्दों में संदेश लिखिए। | **4** |

**ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल**

नवंबर **परीक्षा 2024**

**विषय: हिंदी**

**कक्षा** : दसवीं

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।** **Set B**

**M.M: 30**

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | 1. काशी आज भी संगीत के स्वर पर सोती है और थापों पर जागती है ।<br>2. मिश्रित वाक्य। | 1×2=2 |
| 2. | 1. नगर पालिका ने सुभाष चंद्र बोस की एक प्रतिमा लगवाई।<br>2 कर्तृवाच्य | 1x2=2 |
| 3. | 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग ,एकवचन, कर्ता कारक।<br>2. निश्चित संख्यावाचक विशेषण, पुलिंग बहुवचन, विशेष्य - साल | 1x2=2 |
| 4. | 1. उपमा अलंकार<br>2. मानवीकरण | 1x2=2 |
| 5. | 1.ग) चट्टान जैसा भारी<br>2.क) संगतकार की<br>3.ग) मुख्य गायक की<br>4.घ) यह सभी | 1×4=4 |
| 6 | 1.घ) उपर्युक्त सभी<br>2.क) सभ्यता<br>3.घ) क और ग दोनों<br>4 घ) के और कह दोनों | 1×4=4 |
| | 1.शहनाई मुख्यत: मांगलिक अवसरों पर ही बजाया जाता है। कहा जाता है कि यह मंगल ध्वनि पैदा करने वाला वाद्य यंत्र है। खाँ साहब इसी के द्वारा मंगल ध्वनि बजाते थे। शहनाई वादक के रूप में उनका स्थान सर्वश्रेष्ठ है।<br>2. नूतन कविता ,नवजीवन, लोगों के मन में उत्साह जोश उमंग भरना, क्रांति के लिए प्रेरित करना। | 2×5 |

| | | |
|---|---|---|
| | 3. चारों तरफ हरियाली का छा जाना, सुगंधित फूलों का खिलना, मंद मंद हवा का बहना, पेड़ों पर हरे- लाल पत्तों का आना।<br>4. कभी की उदासी का दूर होना, आत्मविश्वास से भर जाना, कठोर हृदय का पिघल जाना।<br>5. कवि ने फसल को' हाथों के स्पर्श की गरिमा इसलिए कहा है क्यूंकि , फसल के लिए भले ही पानी, मिट्टी, सूरज की किरणें तथा हवा जैसे तत्वों की आवश्यकता है। परन्तु मनुष्य के परिश्रम के बिना ये सभी साधन व्यर्थ हैं। यदि मनुष्य अपने परिश्रम के द्वारा इसे भली प्रकार से नहीं सींचे तब तक इन सब साधनों की सफलता नहीं होगी। | |
| 8. | संदेश लेखन<br>• प्रारूप<br>• विषय वस्तु | 4<br>1.5<br>2.5 |

**ओ. एस. डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, कैथल**

नवंबर **परीक्षा 2024**

**विषय: हिंदी**

**कक्षा** : दसवीं

**निर्देश- यदि ऐसा कोई सही उत्तर जो परीक्षार्थी ने लिखा है परंतु निम्नलिखित उत्तर संकेत में सम्मिलित न हो तो उसके भी यथासंभव अंक दिए जाएँ।** **Set B**

M.M: 30

| उत्तर. | अपेक्षित मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1. | 1. संयुक्त वाक्य<br>2. हालदर साहब का प्रश्न सुनकर आंखों आंखों में हंसा। | 1×2=2 |
| 2. | 1. कर्मवाच्य<br>2 मां द्वारा दोपहर के गुस्से वाली बात बताई गई। | **1x2=2** |
| 3. | 1. व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग ,एकवचन, कर्ता कारक<br>2. सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्तृवाच्य ,भूतकाल | **1x2=2** |
| 4. | 1. उपमा अलंकार<br>2. रूपक अलंकार | **1x2=2** |
| 5. | 1.क) वह अकेला नहीं है<br>2.ग) एक हिचक<br>3.ग) उसकी मनुष्यता<br>4.ख) स्वयं पीछे रहकर दूसरों को आगे बढ़ना | 1×4=4 |
| 6 | 1.ख) सभ्यता<br>2.घ) असंस्कृति<br>3.ग) जब उसका संबंध कल्याण की भावना से टूट जाता है।<br>4 ग) संस्कृति | 1×4=4 |
| | 1. मलाई बर्फ बेचने वालों का गायब होना, देसी घी जलेबी व कचोरियों में स्वाद ना रहना, रियाज को महत्व न देना, संगतियों के प्रति आदर न होना।<br>2. नूतन कविता ,नवजीवन, लोगों के मन में उत्साह जोश उमंग भरना, क्रांति के लिए प्रेरित करना।<br>3. चारों तरफ हरियाली का छा जाना, सुगंधित फूलों का खिलना, मंद मंद हवा का बहना, पेड़ों पर हरे- लाल पत्तों का आना। | 2×5 |

| | | |
|---|---|---|
| | 4. कभी की उदासी का दूर होना, आत्मविश्वास से भर जाना, कठोर हृदय का पिघल जाना।<br>5. कीटनाशकों का प्रयोग, फसल चक्र ना अपनाना, फसल के बचे हुए अवशिष्ट पदार्थों का जलाना। | |
| 8. | संदेश लेखन<br>• प्रारूप<br>• विषय वस्तु | 4<br>1.5<br>2.5 |